तापमान
अधिकतम 25.0 डिग्री
न्यूनतम 10.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, मंगलवार 6 जनवरी 2026

11 हाईवा बनीं शहरवासियों के लिए चलती मौत
12 राजिम माता गीत का विधायक रोहित साहू ने किया विमोचन







कुणाल एग्रो राजीव लोचन मोटर पंप सर्विस
नलकूप खनन एवं सेलो बोर के लिए संपर्क करें
बोर खुदाई नगदी में पंप 3 महीने का उधारी मिलेगा
फ्लोमार्क सबर रिलायंस रोमैक्स आईडोल यह सभी कंपनी का 100 वोल्टेज से चलता है।

छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त पंजीकृत फॉर्म
कुणाल एग्रो
■ सांई मंदिर के सामने राजिम, 7828297607, 9009541542 ■ दुकली हाई स्कूल के सामने साहू हालर मिल धमतरी जिला

## खबर संक्षेप

### विधायक की पहल से 32 लाख के निर्माण कार्यों को मिली मंजूरी

**गरियाबंद।** जिले अंतर्गत बिन्द्रानवागढ़ के विधायक जनक ध्रुव की अनुशंसा पर कलेक्टर श्री बीएस उइके ने 6 निर्माण कार्यों के लिए 32 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार विकासखण्ड गरियाबंद अंतर्गत ग्राम पंचायत मजरकटा में कार्तिक राम साहू घर से नहर नाली तक नाला निर्माण के लिए 10 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत नागाबुड़ा में रंगमंच निर्माण के लिए 5 लाख रुपए, ग्राम पंचायत चिखली में वार्ड क्र. 12 में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 5 लाख रुपए, ग्राम पंचायत बिन्द्रनवागढ़ में वार्ड क्र. 05 में सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख रुपए, ग्राम पंचायत डुमरबाहरा के गोडलबाय में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 4 लाख रुपए, ग्राम पचांयत कौन्दकेरा में तालाब सौदर्यीकरण के लिए 3 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त निर्माण कार्यों के लिए क्रियान्वयन एजेंसी का दायित्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गरियाबंद को सौंपा गया है।

### चाचा ने की मारपीट

**महासमुंद।** भतीजे के साथ मारपीट करने वाले आरोपी के विरूद्ध सरायपाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को नोवीचंद निवासी काकेनचुवा ने बताया कि 03 जनवरी की रात करीब 10 बजे नीलांबर दीवान के परछी में गांव के लोगों के साथ बैठ कर बातचीत कर रहा था, उसी समय उसके चाचा मुरली प्रसाद दीवान ने आकर डंडे से मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### बिरकोनी में चाकू के साथ युवक पकड़ाया

**महासमुंद।** बिरकोनी चंडी मंदिर गेट के पास चाकू लहराकर डराने धमकाने के आरोप में एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया है। जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने चंडी मंदिर गेट के सामने बिरकोनी में एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसने अपना नाम-पता बिरकोनी निवासी सुभाष ध्रुव (21) बताया। पुलिस ने आरोपी से एक लंबा धारदार चाकू बरामद किया ।

### दामाद को खाना खाने बुलाने गए व्यक्ति से मारपीट

**महासमुंद।** छेरछेरा के मौके पर दामाद को खाना खाने बुलाने गए एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने के मामले में आरोपी के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। प्रार्थी प्रेमसागर चौहान निवासी ग्राम इंदरपुर 03 जनवरी की रात्रि करीबन 8 बजे मेरे बड़े भाई हेमसागर के दामाद राजेश पटेल को छेरछेरा त्योहार के चलते खाने पर बुलाने अपने साथी राकेश व मनोज के साथ मोटर सायकल से गया था। जब उसने राजेश को खाना खाने चलने कहा तब राजेश पटेल के पिता बालकराम पटेल व मोतीराम पटेल के द्वारा एक राय होकर गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट किया गया। मोतीलाल ने अपने हाथ में रखे डंडे से उसके सिर में मार दिया व जान से मारने की धमकी दी।

---

आक्रोश : जिले में सैनिक स्कूल की स्वीकृति पर अफसर शाही

# सैनिक स्कूल की राह पर शिक्षा विभाग रोड़ा डीईओ की उदासीनता पर भड़का जनआक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

गरियाबंद जिले के शिक्षा विभाग का रवैया एक बार फिर सवालों के घेरे में है। एक ओर जिलेभर के लोग शैक्षणिक संस्थानों के विस्तार के लिए शासन-प्रशासन के चक्कर काट रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सैनिक स्कूल जैसे उच्च स्तरीय शैक्षणिक संस्थान की स्थापना को लेकर मिली स्वीकृति पर जिला शिक्षा अधिकारी की कथित उदासीनता सामने आई है।

लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ द्वारा गरियाबंद जिले में नवीन सैनिक स्कूल की स्थापना के लिए आवश्यक कार्यवाही करने संबंधी पत्र जारी किया गया था। इसके बावजूद जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद ने आवश्यक पहल करने के बजाय उच्च कार्यालय को ऐसा जवाब भेजा, जिससे जिले में नाराजगी का माहौल बन गया है। जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि जिले में नवीन सैनिक स्कूल खोलने के लिए भूमि, भवन एवं मूलभूत सुविधाओं जैसे बिजली, पानी और सड़क का चिन्हांकन नहीं होने के कारण फिलहाल प्रस्ताव तैयार नहीं हो पाया है। इस जवाब को लेकर जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों और आम नागरिकों ने तीखी प्रतिक्रिया दी है।




### गलत जानकारी भेजने का आरोप

मुरलीधर सिन्हा ने आरोप लगाया कि जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर ने अपने उच्चाधिकारियों को गलत और भ्रामक जानकारी भेजी। उन्होंने यह भी कहा कि इस विषय में जिला कलेक्टर को भी जानकारी नहीं दी गई, जो गंभीर लापरवाही है। सैनिक स्कूल भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत संचालित होते हैं। ये केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध आवासीय विद्यालय होते हैं, जिनका उद्देश्य छात्रों को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी एवं अन्य सैन्य अकादमियों के लिए तैयार करना है। इन विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास किया जाता है। सैनिक स्कूलों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं रक्षा कर्मियों के बच्चों के लिए सीटें आरक्षित होती हैं। प्रवेश के लिए अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है, जो कक्षा छठवीं और नवमीं में होती है। नए सैनिक स्कूलों में भी इसी परीक्षा के माध्यम से प्रवेश दिया जाता है।

### 13 वर्षों बाद मिला बड़ा शैक्षणिक अवसर



भाजपा नेता मुरलीधर सिन्हा ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य गठन और गरियाबंद जिला स्थापना के 13 वर्षों बाद सैनिक स्कूल की स्वीकृति जिले के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है, लेकिन अधिकारियों की लापरवाही इस उपलब्धि को नुकसान पहुंचा रही है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2021-22 में केंद्र सरकार के बजट में 100 सैनिक स्कूल खोलने का प्रावधान किया गया था। इसी क्रम में गरियाबंद जिले के लिए सैनिक स्कूल की मांग को लेकर तत्कालीन विधायक डमरूधर पुजारी, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह चौधरी एवं सांसद चुन्नीलाल साहू को पत्र सौंपे गए थे। इसके बाद गरियाबंद जिले को सैनिक स्कूल खोलने की स्वीकृति प्राप्त हुई।

### जनआंदोलन की चेतावनी

भाजपा नेता मुरलीधर सिन्हा ने जिले की जनता, व्यापारी वर्ग, बुद्धिजीवी, पत्रकार, सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष व सदस्य, जनपद पंचायत प्रतिनिधि, सरपंच संघ, पंच संघ सहित सभी सामाजिक संगठनों से अपील की है कि वे एकजुट होकर गरियाबंद जिले के हित में आवाज उठाएं। उन्होंने कहा कि यदि अधिकारियों ने जिले की उपेक्षा जारी रखी, तो जनता को आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। फिलहाल यह मामला पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है।

---

राजिम को नगर पालिका की सौगात

# 7 को मुख्यमंत्री साय का लड्डुओं से होगा तुलादान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम को नगर पालिका बनाए जाने पर सीएम विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरूण साव व राजिम विधायक रोहित साहू का सम्मान लड्डु से तौलकर किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक 7 जनवरी को राजिम भक्तिन माता जयंती के अवसर पर सीएम,डिप्टी सीएम राजिम पहुंच रहे है। यहां नगर के गणमान्य नागरिकों एवं नगर पंचायत परिवार द्वारा अतिथियो का सम्मान लडडू से तौलकर अटल घाट के सामने किया जाएगा। इसके साथ ही नगर में हो रहे निर्माण कार्यों का लोकार्पण जिसमें वार्ड क्रमांक 15 में पुस्तकालय निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 6 में सत्ती माता मंदिर के पास शेड निर्माण, वार्ड क्रमांक 12 दमौहापारा में दुर्गा रंगमंच के पास टीन शेड निर्माण कार्य, सर्व समाज मांगलिक भवन पेवर ब्लॉक कार्य, वार्ड क्रमांक 2 में बाबा गरीबनाथ मंदिर के पीछे सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 12 में शेड निर्माण जैसे अनेको कार्यों का लोकार्पण तथा वार्ड क्रमांक 5 में अशोक शर्मा घर से विनोद शर्मा के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य, टीन शेड निर्माण कार्य टिकुरिया पारा, टीन शेड निर्माण कार्य कन्या शाला में, टीन शेड निर्माण कार्य भुतेश्वर मंदिर, सीसी रोड निर्माण कार्य वार्ड क्रमांक 6 मोरहा तालाब, वार्ड क्रमांक 6 में गुरुदेव राइस मिल से लीला सेन घर तक सी सी रोड निर्माण कार्य, टीन शेड निर्माण कार्य सुभाष चौक, टीन शेड निर्माण कार्य गौशाला के पास, मंगल भवन



सौंदर्यीकरण कार्य वार्ड 7, छात्रावास जीर्णोद्धार कार्य एवं सौंदर्यीकरण कार्य वार्ड क्रमांक 13, सौंदर्यीकरण कार्य पंडित सुन्दर लाल शर्मा चौक, सौंदर्यीकरण कार्य पंडित श्यामा चरण शुक्ला चौक, सीसी रोड निर्माण कार्य छोटेलाल सोनकर के घर के पास, सीसी रोड निर्माण कार्य वार्ड क्रमांक 13 छोटू धीवर से छोटेलाल सोनकर घर तक तथा सी सी रोड निर्माण कार्य शक्ति मंदिर से बजरंग अखाड़ा तक विभिन्न कार्यों का भूमि पूजन तथा गीता प्रेस गोरखपुर की पुस्तक दुकान का शुभारंभ भी सीएम विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव तथा विधायक रोहित साहू करेंगे। यह जानकारी नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव ने दिया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव, उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, सभापति भारत यादव, आकाश सिंह राजपूत, ▶▶|शेष पेज 10 पर

---

# पिकअप की ठोकर से स्कूटी सवार नाबालिग की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर देवभोग नेशनल हाइवे 130 सी में इन दिनों लगातार दुर्घटनाओं से भारी दहशत देखने को मिल रहा है फिर एक बार पिकअप वाहन के टक्कर से हुए दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूटी सवार नाबालिग युवक की मौत हो गई पुलिस द्वारा पिकअप चालक को हिरासत में लेकर जांच किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार दुर्घटना रविवार शाम नेशनल हाइवे 130 सी में गोहरापदर धुर्वागुडी के बीच मदागमुड़ा के पास हुआ।गोहरापदर से स्कूटी सवार होकर 15 वर्षीय ईश्वर राजपुरोहित अपने घर धुर्वागुडी की ओर जा रहा था तभी तेज रफ्तार विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप क्रमांक ओडि 08 एस 5660 से सामने से जोर दार टक्कर हो गया, टक्कर में स्कूटी सवार युवक ईश्वर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गया जबकि एक अन्य साथी घायल हुआ है जबरदस्त टक्कर से सर के भार हुआ, उसका भेजा बाहर आ गया खून से लथपथ नाबालिग ने मौके पर दम तोड़ दिया।



देवभोग थाना प्रभारी फैजुल शाह ने बताया कि मामले में पिकअप चालक रुमांचल मांझी, निवासी हाथी बंदा ओडिसा को हिरासत में ले लिया गया है चालक के विरुद्ध बीएनएस की धारा 281,125 ए,106(1) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर अग्रिम कार्यवाही किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर चार दिनों पहले देवभोग थाना क्षेत्र अंतर्गत उरमाल मार्ग पर देर रात एक दिल दहला देने वाली घटना घटी थी जिसमें मोटर साइकिल सवार 22 वर्शीय युवक की दर्दनाक मौत हो गया था और दूसरे साथी का इलाज के दौरान लगातार नेशनल हाइवे में इन दिनों दुर्घटना की ग्राफ बढ़ गई है जिसके चलते लोगों में भारी दहशत देखने को मिल रहा है।

---



### कड़ाके की ठंड, 10 डिग्री तक गिरा पारा

**फिंगेश्वर।** नया साल शुरू होते ही फिंगेश्वर सहित पूरे अंचल में ठंड ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। जनवरी के महीने में शीतलहर का असर अपने शबाब पर है, जिसके चलते लोग गर्म कपड़ों और अलाव का सहारा लेने को मजबूर हैं। देर रात और सुबह का तापमान 10 से 12 डिग्री तक लुढ़क रहा है, जिससे जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हुआ है। कड़ाके की ठंड ने मॉर्निंग वॉक करने वालों की दिनचर्या बदल दी है। जो लोग सुबह 4 या 5 बजे घरों से निकल जाते थे, वे अब धूप निकलने के इंतजार में 6 से 7 बजे के बाद बाहर निकल रहे हैं।योग विशेषज्ञों का कहना है कि ठंड के कारण सुबह जल्दी योगाभ्यास करना मुश्किल हो तो सूरज निकलने के बाद व्यायाम करें। इससे शरीर को विटामिन-डी भी मिलेगा और ठंड से भी बचाव होगा। विशेषज्ञों का कहना है कि यह मौसम शरीर बनाने के लिए सबसे उपयुक्त है, बशर्ते सावधानी बरती जाए। ठंड का यह मौसम जहां सेहत बनाने का मौका दे रहा है, वहीं लापरवाही बरतने वालों को सर्दी, जुकाम और बुखार जैसी बीमारियां 'फ्री' में मिल रही हैं। डॉक्टरों की विशेष सलाह बच्चे और बुजुर्ग बिना गर्म कपड़ों के बाहर न निकलें। कान और सिर को ढंक कर रखें। पीने के लिए गुनगुने पानी का ही उपयोग करें।

---

# तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार युवक को कुचला मौके पर मौत

### हेलमेट भी नहीं बचा पाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा

नवापारा-अभनपुर मार्ग पर सोमवार शाम करीब 5.30 बजे तेज रफ्तार यात्री बस ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मारते हुए कुचल दिया। हादसा इतना भीषण था कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पहना हुआ हेलमेट भी जान नहीं बचा सका और चकनाचूर हो गया। घटना रायपुर जिले के अभनपुर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार नवापारा-अभनपुर मार्ग पर ग्राम मानिकचौरी के पास यह हादसा हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस की रफ्तार काफी तेज थी। टक्कर के बाद बाइक सवार सड़क पर गिर पड़ा और बस का पहिया उसके सिर के ऊपर से गुजर गया। हेलमेट पहनने के बावजूद सिर पर गंभीर चोट आई और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।



हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों और राहगीरों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल युवक को अभनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी में रखवा दिया है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के थानों में सूचना भेजकर पहचान के प्रयास कर रही है। वहीं फरार बस चालक की तलाश में जुट गई है। फिलहाल पुलिस घटना की जांच कर रही है।

---

10 हजार रुपए प्रति एकड़ राशि देने पर बनी सहमति

# मैनपुर में चक्काजाम टला, कलेक्टर व किसानों के बीच ढाई घंटे चली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर-देवभोग क्षेत्र के मक्का उत्पादक किसानों और जिला प्रशासन के बीच सोमवार को हुई लंबी चर्चा के बाद, 6 जनवरी को प्रस्तावित नेशनल हाईवे 130सी का अनिश्चितकालीन चक्काजाम स्थगित कर दिया गया है। गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उइके और नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर की उपस्थिति में हुई इस बैठक ने फिलहाल गतिरोध को समाप्त कर दिया है। आदिवासी विकासखंड मैनपुर और देवभोग क्षेत्र के लगभग 20 हजार हेक्टेयर में किसानों ने धान के बदले मक्का की फसल ली है। फसल तैयार होने के बावजूद समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू न होने से किसान आक्रोशित थे। खरीदी केंद्र न होने से बिचौलिए औने-पौने दाम पर मक्का खरीद रहे हैं। पिछले वर्ष नाफेड ने 21-22 रुपए प्रति किलो की दर से मक्का खरीदा था, लेकिन इस वर्ष अब तक कोई गाइडलाइन नहीं आई है। कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने बताया कि मक्का खरीदी का प्रस्ताव शासन को भेजा जा चुका है। उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्र में मक्का का वाजिब रेट निर्धारित किया जाएगा।



### वनभूमि पर धान पंजीयन की तिथि बढ़ी

किसानों की दूसरी बड़ी समस्या वनभूमि पट्टों पर धान खरीदी और पोर्टल में तकनीकी दिक्कतों को लेकर थी। कृषि विभाग के उपसंचालक चंदन राय ने बताया कि पंजीयन से वंचित किसानों के लिए 7 जनवरी तक पोर्टल खुला रहेगा। यदि आवश्यकता पड़ी, तो शासन से तिथि आगे बढ़ाने की मांग भी की जाएगी ताकि कोई भी पात्र किसान वंचित न रहे।

**चक्काजाम स्थगित, प्रशासन ने ली राहत की सांस-** किसान संघर्ष समिति ने जिला प्रशासन की बातों पर भरोसा जताते हुए मंगलवार को होने वाले हाईवे जाम को स्थगित करने का निर्णय ▶▶|शेष पेज 10 पर

---

# लोहरसी मड़ई आज, नामचीन कलाकार होंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

छत्तीसगढ़ के लोक कला संस्कृति को बचाए रखने यहां के लोक कलाकार समर्पित भाव से विगत अनेक वर्षों से लोक कला महोत्सव, पुराने और नवोदित कलाकारों को मंचीय अवसर सम्मान प्रदान करने का पहल हुआ है, जो प्रदेश में सर्वप्रथम जिला है जो एक मिसाल बना हुआ है। इस कड़ी में 6 जनवरी मंगलवार को ग्राम लोहरसी में एक दिवसीय मड़ाई मेला और लोक कला महोत्सव का आयोजन संझा बिहनिया लोक कला मंच युवा मित्र मंडल समिति द्वारा किया गया है। जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक विधाओं में पण्डवानी लोकगीत लोकगाथा भरथरी चंदैनी स्थानीय कलाकारों द्वारा और विशेष रात्रिकालीन प्रस्तुति में अनुराग धारा राजनांदगांव कविता वासनिक हिमानी वासनिक की लोक मंचीय प्रस्तुति होगी, कार्यक्रम आयोजक समिति के संयोजक



राजकुमार यादव ने बताया कि, इस महती आयोजन में छत्तीसगढ़ी राजभाषा आयोग के अध्यक्ष डॉ. अभिलाषा बैहार ( पद्मश्री सुरेन्द्र दुबे की पुत्री) और छत्तीसगढ़ फिल्म विकास बोर्ड के अध्यक्ष मोना सेन मुख्य अतिथि के आसंदी पर शिरकत करेंगे। वहीं अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी गरियाबंद, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य इन्द्रजीत महाडिक, पुष्पा जगन्नाथ उपाध्यक्ष जिला साहू समाज संघ, डॉ. रुपसिंह साहू सामाजिक ▶▶|शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### आर्थिक सहायता मंजूर

**महासमुंद।** प्रदेश के वाणिज्य और उद्योग, आबकारी एवं श्रम विभाग मंत्री लखनलाल देवांगन ने अपने स्वेच्छानुदान मद से जिले के एक जरूरतमंद के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया है। इनमें बसना विखं अंतर्गत ग्राम बिरसिंगपाली के निवासी बोधेश्वर पटेल के लिए राशि स्वीकृत किया गया है। संबंधित को स्वीकृत राशि प्राप्त करने के लिए बैंक पास बुक, आधार कार्ड एवं स्वयं की दो फोटो अपने संबंधित क्षेत्र के तहसील कार्यालय में तहसीलदार के पास अविलंब प्रस्तुत करना होगा।

पेज 9 के शेष...

### 7 को मुख्यमंत्री...

मंशाराम कुर्रे, कुलेश्वर साहू, वही पार्षद गणों में तुषार कदम, जानकी पटेल, नरोत्तम राजपूत, अंजनी उत्तम निषाद, बलराम यादव, सुरेश पटेल, टंकेश्वर सोनकर, अजय पटेल, सुमित्रा यशवंत निराला, रेखा कुलेश्वर साहू सहित नगरवासी उपस्थित रहेंगे।

### मैनपुर में चक्काजाम...

लिया। संघर्ष समिति के अध्यक्ष टीकम कपिल ने स्पष्ट किया कि किसान अपनी मांगों पर अडिग हैं, लेकिन प्रशासन के सकारात्मक रुख को देखते हुए फिलहाल आंदोलन टाला जा रहा है। इस महत्वपूर्ण चर्चा में जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, एसडीएम डॉ. तुलसीदास मरकाम, एसडीओपी ओमप्रकाश खुजुर, तहसीलदार रमेश मेहता सहित भारी संख्या में किसान प्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित थे।

**सर्वसम्मति से चक्काजाम स्थगित-** कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने कहा की किसानों के साथ मक्का खरीदी और अन्य कृषि योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई है। पिछले साल नाफेड ने एथेनॉल प्लांट की मांग पर खरीदी की थी, इस साल अनुबंध न होने के कारण स्थिति अलग है। हमने किसानों को प्रोत्साहन राशि और अन्य लाभों की जानकारी दी है, जिसके बाद उन्होंने सर्वसम्मति से चक्काजाम स्थगित किया है।

### लोहरसी मड़ई...

कार्यकर्ता गरियाबंद नीता मोहन साहू जनपद सदस्य फिंगेश्वर होंगी। वहीं कला संस्कृति साहित्य क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रादेशिक जिला स्तरीय कलाकारों साहित्यकारों और ग्राम के वयोवृद्ध सहित जिले में कलाकार पेंशन हितग्राही 10 व्यक्तित्वों को सम्मानित किया जाएगा। जिसमें भूपेन्द्र साहू प्रसिद्ध रंगकर्मी संस्कृति मंत्रालय सरकार, विवेक शर्मा एल्बम कलाकार राजिम मेला सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी पुरुषोत्तम चन्द्राकर, वरिष्ठ साहित्यकार समाज सेवी डॉ. नूतन लाल साहू, मानस पथिक लोक कलाकार सुरेन्द्र संजना सिन्हा, कला संस्कृति साहित्य दूत गौकरण मानिकपुरी, कला एवं चिकित्सा डॉ. ईश्वर तारक संगीत शिक्षक तुला राम साहू, पण्डवानी गायिका गंगा बाई मानिकपुरी, युवा कवि को सम्मानित किया जाएगा। यादव ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 4 बजे से होगा और तत्पश्चात अतिथि आगमन, स्वागत सम्मान और उद्बोधन पश्चात राजनांदगांव की लोक मंचीय की मनमोहक छटा बिखरेगी।

### जयंती : लोहरसी मे भव्य शोभायात्रा के साथ मनी शाकंभरी जयंती

# लोहरसी में आस्था का सैलाब, सब्जियों से सजा माता शाकंभरी का अनूठा कलश





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा।

गरियाबंद जिले के ग्राम लोहरसी में कोसरिया पटेल मरार समाज द्वारा माता शाकंभरी जयंती महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रकृति और वनस्पति की अधिष्ठात्री देवी मां शाकंभरी की आराधना में पूरा गांव भक्तिमय नजर आया। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा, विशेष महाआरती और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महोत्सव का मुख्य आकर्षण माता शाकंभरी की शोभायात्रा रही। समाजजनों ने श्रद्धा भाव से कुम्हड़ा, गोभी, पत्ता गोभी और मटर जैसी ताजी सब्जियों से एक भव्य मुख्य कलश तैयार किया। माता को रथ में विराजमान कर पूरे गांव की गलियों में भ्रमण कराया गया। शोभायात्रा में समाज की महिलाएं एक समान वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर शामिल हुईं। बाजे-गाजे की थाप पर युवा और बुजुर्ग थिरकते हुए समाज भवन से मुख्य मंच तक पहुंचे। माता शाकंभरी को प्रकृति की देवी माना जाता है, इसलिए उन्हें मूली, भाटा (बैंगन), पालक भाजी, नवल गोल सहित विभिन्न प्रकार की हरी सब्जियों का भोग लगाया गया। सुबह और शाम को माता की भव्य महाआरती हुई, जिसमें न केवल पटेल समाज बल्कि अन्य समाज के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मंच से अतिथियों और समाज के वरिष्ठों ने माता के प्राकट्य की कथा साझा की और कहा की प्रचलित कथा के अनुसार, जब दुर्गम नामक दैत्य ने वेदों को लुप्त कर दिया और धरती पर भीषण अकाल पड़ा, तब देवताओं की स्तुति पर मां भगवती प्रकट हुईं। करुणावतार मां के नेत्रों से 9 दिनों तक बहे आंसुओं से धरती तृप्त हुई और पुनः वनस्पति उत्पन्न हुई। शाक (सब्जी) और फल-फूल प्रदान कर जीवन बचाने के कारण उन्हें 'शाकंभरी' कहा गया। माता भूमंडल पर पौष पूर्णिमा के दिन प्रकट हुई थीं, इसलिए प्रतिवर्ष इस तिथि को जयंती मनाई जाती है।

#### पंडवानी और बाप-बेटा नाचा की धूम

धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मनोरंजन का भी तड़का लगा। दोपहर में पंडवानी का गायन हुआ, वहीं रात्रि में धमतरी की सुप्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी 'बाप बेटा' ने अपनी प्रस्तुति से ग्रामीणों को बांधे रखा। उत्सव के दौरान गांव में मड़ाई मेले जैसा माहौल रहा, जहां बड़ी संख्या में व्यापारियों ने अपनी दुकानें लगाई थीं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक, सरपंच लोमश साहू, उपसरपंच निलेश टंडन, हलधर पटेल (राजिम राज सदस्य), जगत पटेल (अध्यक्ष पटेल समाज लोहरसी) और सचिव ओमप्रकाश सिन्हा सहित समाज के अनेक पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# 350 एकड़ के रेगहा किसान पंजीयन के लिए भटक रहे



**छुईहा बेलर।** फिंगेश्वर तहसील के अंतर्गत बालाजी मंदिर और पंच मंदिर मौली माता ट्रस्ट कमेटी की कृषि भूमि पर खेती करने वाले सैकड़ों गरीब मजदूर किसान इस वर्ष संकट में हैं। लगभग 350 एकड़ रकबा (ग्राम सेंदर, पतोरी, घोघरा, बिजली, पुरेना, रवेली आदि) को रेगहा पर लेकर खेती करने वाले इन किसानों का अब तक धान खरीदी पंजीयन नहीं हो पाया है। संस्थागत रेगहा धान खरीदी के लिए वर्ष 2025 के किसान पंजीयन पोर्टल में तकनीकी दिक्कतें आ रही हैं या पोर्टल खुला ही नहीं, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। इसके चलते सेंदर और रवेली सहित आसपास के दर्जनों गांवों के किसान पंजीयन से वंचित हैं। किसानों ने गरियाबंद जिला प्रशासन, कलेक्टर कार्यालय, कृषि विभाग और खाद्य विभाग के चक्कर काटे, लेकिन उन्हें अब तक केवल आश्वासन ही मिला है। किसानों ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि इसी तहसील के अंतर्गत राजिवलोचन ट्रस्ट की जमीन पर खेती करने वाले रेगहा किसानों का पंजीयन हो गया है। वहीं, बालाजी ट्रस्ट फिंगेश्वर की जमीन का पंजीयन रोक दिया गया है। तहसीलदार डिम्पल ध्रुव के अनुसार, ट्रस्ट के एकल नाम पर पंजीयन की सुविधा मिली थी, लेकिन इसकी जानकारी किसानों को समय पर नहीं दी गई, जिससे किसान समाधान नहीं निकाल सके। पंजीयन की अंतिम तिथि नजदीक आने से रामाधार साहू, इंदरमन साहू, प्रेम साहू और मोती निषाद सहित अन्य किसान गंभीर चिंता में हैं। 5 जनवरी को किसानों ने मंत्रालय पहुंचकर अधिकारियों से समाधान का आग्रह किया, लेकिन समस्या जस की तस बनी रही। 7 जनवरी को किसानों ने निर्णय लिया है कि वे मुख्यमंत्री के राजिम (सिरकट्टी आश्रम) आगमन पर उन्हें अपनी व्यथा सुनाएंगे।

पंजीयन न होने से परेशान किसानों में प्रमुख रूप से मन्नु साहू, उत्तम सोनवानी, संतोष, ईश्वर साहू, तुलस वर्मा, केजऊ निषाद, जीवन सिन्हा, जगदीश साहू, तुलसी सिन्हा, अजीत वर्मा, धनीराम सेन, दीपचंद सिन्हा, दयाराम देवांगन और नारायण सारथी शामिल हैं। किसानों का सीधा आरोप है कि तहसील कार्यालय फिंगेश्वर की लापरवाही के कारण सैकड़ों परिवारों का निवाला संकट में है। यदि जिला प्रशासन कलेक्टर का पत्राचार मंत्रालय को समय पर नहीं भेजता है, तो किसान दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर उग्र प्रदर्शन करेंगे।

# गायत्री शक्तिपीठ में सेवानिवृत्त प्राचार्य शर्मा का भव्य सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम





सोमवार को नगर के सुप्रसिद्ध आध्यात्मिक एवं सामाजिक केंद्र गायत्री शक्तिपीठ में शहर के अत्यंत प्रतिष्ठित सामाजिक कार्यकर्ता, विचारक एवं मार्गदर्शक सेवानिवृत्त प्राचार्य आरबी शर्मा का सम्मान शॉल श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर किया गया। यह सम्मान उन्हें समाज सेवा, नैतिक मूल्यों के प्रसार, सांस्कृतिक चेतना और जनकल्याण के क्षेत्र में वर्षों से किए जा रहे अनुकरणीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया। सम्मान समारोह में गायत्री परिवार के पदाधिकारियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और अधिक बढ़ाया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं सामूहिक गायत्री मंत्र जप के साथ हुआ, जिससे संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने अपने उदबोधन में कहा कि पूर्व सेवानिवृत्त प्राचार्य आरबी शर्मा ने अपने जीवन को निःस्वार्थ समाज सेवा, संस्कार निर्माण, युवा मार्गदर्शन एवं जनजागरण के लिए समर्पित कर दिया है। बता दें कि 12 फरवरी 2021 से 30 अगस्त 2025 तक गायत्री शक्तिपीठ में संरक्षक के रूप में काम किए तथा 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में विशेष सहयोग प्रदान करने वाले श्री शर्मा सांस्कृतिक, धार्मिक एवं आध्यात्मिक क्षेत्र के उन्नयन में विशेष प्रयत्न एवं सहयोग किया है।

# कमार जनजाति के ग्रामीण अपने बच्चों की बेहतर शिक्षा पर विशेष ध्यान दें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



मैनपुर पहुंचे गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उइके एवं नये पुलिस अधीक्षक देवव्रत सिरमौर को कमार जनजाति के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनसिंग सोरी ने विभिन्न समस्याओ से अवगत कराया साथ ही कमार समाज भवन जर्जर होने की शिकायत पर कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने समाज भवन का निरीक्षण करने पहुंचे इस दौरान विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक का आत्मीयता से स्वागत किया गया साथ ही आगामी 23 जनवरी को कुल्हाड़ीघाट में आयोजित होने वाले मेला मड़ई समाजिक सम्मेलन में आमंत्रित किया है। इस दौरान क्षेत्र भर से बड़ी संख्या में कमार समाज के लोग पहुंचे हुए थे। गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने सभी से कहा की अपने बच्चों के शिक्षा पर विशेष ध्यान दे जहां भी कोई समस्या है उसे बताएं सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होने शासन प्रशासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए समाज को शिक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए नशापान से दूर रहने की अपील किया साथ ही नशा से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। इस दौरान नये पुलिस अधीक्षक देवव्रत सिरमौर ने कमार जनजाति के ग्रामीणों से विभिन्न विषयों पर चर्चा किया और हर संभव सहयोग करने की बात कही। कमार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनसिंग सोरी ने बताया कि कुल्हाड़ीघाट में बुढ़ाराजा के दरबार में समाजिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है साथ ही शासन प्रशासन के महत्वपूर्ण योजना के तहत सभी कमार जनजाति परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ भी दिया जा रहा है। उन्होने कलेक्टर और एसपी को कुल्हाड़ीघाट आने का निमंत्रण दिया है। इस मौके पर प्रमुख रूप से एसडीएम डॉ. तुलसीदास मरकाम, एसडीओपी पुलिस ओमप्रकाश कुजुर, घांसीराम कमार, सीताराम, पुसउराम, पंचम, दखन नेताम, अजय, निकेश नेताम, अवधराम, देवीसिंग, बजारूराम, धनकुंवर, रामदयाल नेताम, मन्नुराम नेताम, पुनित सोरी, शोभाराम नेताम, बिजत सोरी, सिरधर सोरी, कौशल, श्यामलाल नेताम, चमरूराम, बिसरूराम, देवीसिंग, रामरतन, रतनीबाई, बिरोबाई नेताम, राजमन नेताम, सुकलाल नेताम, बुधियाबाई, बैसाखुराम एवं बड़ी संख्या में कमार जनजाति के लोग उपस्थित थे।

# श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गुरु गोबिंद सिंह का प्रकाश पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



सिख धर्म के दशम गुरु, महान योद्धा, कवि, दार्शनिक और आध्यात्मिक मार्गदर्शक श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज की जयंती के पावन अवसर पर गरियाबंद में प्रकाश पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहर के गुरुद्वारे में विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में गुरुद्वारे को आकर्षक विद्युत रोशनी और फूलों से सजाया गया, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर नजर आया। सुबह से ही श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। सोमवार दोपहर को सहज पाठ साहिब जी के भोग की विधिवत समाप्ति के पश्चात गुरु का अटूट लंगर प्रारंभ किया गया। इस आयोजन का संचालन सिख समाज द्वारा किया गया, जिसमें सभी धर्म और वर्ग के नगरवासियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई और लंगर प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम के दौरान गुरुनूर कुकरेजा ने श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज केवल सिख समाज के ही नहीं, बल्कि पूरे मानव समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने अन्याय के खिलाफ संघर्ष, समानता, साहस और बलिदान का जो मार्ग दिखाया, वह आज भी प्रासंगिक है। प्रकाश पर्व हमें सत्य, सेवा और समर्पण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

वहीं सिख समाज के वरिष्ठ सदस्य बलदेव सिंह हूँदल ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना कर समाज को आत्मसम्मान और एकता का संदेश दिया। उन्होंने अत्याचार के विरुद्ध खड़े होने का साहस दिया। आज का यह आयोजन हमें गुरु साहिब की शिक्षाओं को जीवन में उतारने का संकल्प लेने का अवसर प्रदान करता है। प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुद्वारे में शबद कीर्तन, अरदास और गुरु इतिहास का पाठ भी किया गया। पूरे आयोजन में सेवा, समर्पण और भाईचारे की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

# उदंती टाइगर रिजर्व के जंगलों में दिखी उड़ने वाली गिलहरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

■ छात्र ने कैमरे में कैद की दुर्लभ तस्वीर

गरियाबंद जिले का उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व अपनी जैव-विविधता के लिए विश्व विख्यात है। हाल ही में यहां वन्यप्राणी गणना के दौरान एक अत्यंत दुर्लभ नजारा देखने को मिला। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर के छात्र नोहर देवांगन ने जंगल के बीच उड़ने वाली गिलहरी को अपने कैमरे में कैद किया है।

जानकारों के अनुसार, यह गिलहरी वास्तव में पक्षियों की तरह उड़ती नहीं है, बल्कि एक पेड़ से दूसरे पेड़ तक छलांग लगाते समय अपने पैरों को फैला लेती है। इसके आगे और पीछे के पैरों के बीच खाल की एक पतली झिल्ली होती है, जो हवा में पैराशूट या ग्लाइडर की तरह काम करती है। इसी की मदद से यह काफी लंबी दूरी तय कर लेती है।

**बीज फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका-** यह विशाल गिलहरी पर्यावरण के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। फलों को खाने के बाद यह उनके बीजों को दूर-दूर तक फैला देती है, जिससे प्राकृतिक रूप से नए जंगल उगते हैं। इनके अस्तित्व के लिए घने और ऊंचे पेड़ों का होना अनिवार्य है। यदि बड़े पेड़ कटते हैं, तो इनका जीवन संकट में पड़ जाता है। क्षेत्र के बुजुर्ग ग्रामीणों का कहना है कि 20-25 साल पहले ये गिलहरियां बड़ी संख्या में देखी जाती थीं, लेकिन अब इनकी संख्या तेजी से घट रही है। दुनिया भर में इसकी 45 प्रजातियां हैं, जिनमें से भारत में केवल 12 प्रजातियां ही पाई जाती हैं।

**उदंती का जंगल सुरक्षित आश्रय स्थल -** उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन ने तस्वीर की पुष्टि करते हुए बताया कि बिलासपुर विश्वविद्यालय के छात्र ने गणना के दौरान इस दुर्लभ जीव को देखा और इसकी तस्वीर ली। यह तस्वीर इस बात का प्रमाण है कि उदंती का जंगल आज भी दुर्लभ वन्यजीवों के लिए एक सुरक्षित आश्रय स्थल है।

### जिले के खिलाड़ियों के पास राष्ट्रीय मंच पर चमकने का मौका, 6 से 8 जनवरी तक चयन ट्रायल

# खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के लिए ट्रायल रायपुर एवं बिलासपुर में होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा खेलों इंडिया ट्राइबल गेम्स का प्रथम संस्करण छत्तीसगढ़ राज्य में 14 फरवरी 2026 से निर्धारित किया गया है, जिसमें कुल 9 खेलों को सम्मिलित किया गया है। राज्य दल की भागीदारी सुनिश्चित करने खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 6 से 8 जनवरी 2026 तक रायपुर एवं बिलासपुर में होना निर्धारित है। प्रतियोगिता के माध्यम से अनुसूचित जनजाति वर्ग के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शन करने का सशक्त माध्यम हैं। छत्तीसगढ़ राज्य खेल प्रतिभाओं से समृद्ध है तथा राज्य के प्रत्येक जिले में शामिल खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी उपलब्ध हैं। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खेलों इंडिया ट्राइबल गेम्स का चयन ट्रायल रायपुर में 6 से 8 जनवरी तक आयोजित होगा जिसमें वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, फुटबॉल एवं हॉकी खेल शामिल हैं तथा बिलासपुर में दिनांक 7 से 8 जनवरी तक एथलेटिक्स, तीरंदाजी एवं तैराकी खेल आयोजित होगा जिसमें अनुसूचित जनजाति के बालक एवं बालिका कोई भी खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं। खेलों इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में आयोजित होने वाले खेलों के आयोजन स्थल, दिनांक एवं इवेंट विवरण निम्नानुसार है-वेटलिफ्टिंग दिनांक 6 जनवरी को प्रातः 9 बजे से एवं कुश्ती, फुटबॉल दिनांक 07 से 08 जनवरी को स्वामी विवेकानंद स्टेडियम रायपुर में आयोजित होगा। हॉकी दिनांक 07 से 08 जनवरी प्रातः 9 बजे से आयोजित होगा। तीरंदाजी (रिकर्व एवं कंपाउंड) एवं एथलेटिक्स स्व. बीआर यादव स्टेडियम, बिलासपुर में दिनांक 07 से 08 जनवरी प्रातः 9 बजे से एवं तैराकी जिला खेल परिसर सरकंडा बिलासपुर में दिनांक 07 से 08 जनवरी प्रातः 9 बजे से आयोजित होगा। खिलाड़ी छत्तीसगढ़ राज्य का निवासी हो खिलाड़ी का अनुसूचित जनजाति वर्ग से संबंधित होना अनिवार्य हैं। आयु सीमा सभी पात्र महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों के लिए खुली हैं। चयन ट्रायल में ओरिजिनल अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड/स्थानीय प्रमाण पत्र साथ लेकर जाने कहा गया हैं। एथलेटिक्स चयन ट्रायल में व्यक्तिगत स्पर्धा में 100 मीटर, 200, 400, 800, 1500, 5000, 10000, बाधा दौड़ 110 मीटर, बाधा दौड़ 400 मीटर, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, भाला फेंक, तवा फेंक, 10 किलो मीटर पैदल चाल, 4 गुणा 100 मीटर एवं 4 गुणा 400 मीटर रिले दौड़ बालक एवं बालिका शामिल हो सकते हैं।

#### विविध स्पर्धा आयोजित होंगे

वेटलिफ्टिंग व्यक्तिगत पुरुष स्पर्धा में किलो ग्राम 60, 65, 71, 79, 88, 94, 110 एवं 110 किलो से अधिक एवं महिला वर्ग के लिए किलो ग्राम 48, 53, 58, 63, 69, 77, 86 एवं 86 से अधिक हो सकते हैं। तैराकी में महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों के लिए व्यक्तिगत स्पर्धा में 50, 100, 200 मीटर फ्री स्टाईल, 50 एवं 100 मीटर बैक स्ट्रोक, 50 एवं 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक, 50 एवं 100 मीटर बटरफ्लाई, 200 मीटर इंडिविजुअल मिडले, टीम इवेंट में 4 गुणा 100 मीटर फ्री स्टाईल रिले एवं 4 गुणा 100 मीटर मेडले रिले आयोजित होंगे। तीरंदाजी में महिला एवं पुरुष दोनों में व्यक्तिगत रिकर्व एवं कंपाउंड एवं टीम इवेंट में रिकर्व एवं कंपाउंड राउंड तथा व्यक्तिगत स्पर्धा में शामिल होने वाले खिलाड़ी टीम इवेंट में शामिल हो सकेंगे। पंजीयन लिंक जारी किया गया है।

KHELO INDIA
TRIBAL GAMES 2026
CHHATTISGARH

**खबर संक्षेप**



## अर्धवार्षिक परीक्षा का आगाज माध्यमिक की 2 से शुरू, प्राथमिक शाला में आज से गूंजेगी घंटी

**रसेला।** क्षेत्र में माध्यमिक शाला की अर्धवार्षिक परीक्षा 2 जनवरी से प्रारंभ हो गया है, जो 9 जनवरी को संपन्न होगा। वहीं प्राथमिक शाला की आज यानी 6 जनवरी को पहली से कक्षा पांचवीं तक शुरुआत होगी, इसका भी संपन्न 9 जनवरी को होगा। परीक्षा दोनों स्कूलों का एक ही समय है सुबह 11 से 1 बजे तक चलेगी। संकुल समन्वयक त्रिलोक ध्रुव ने बताया कि अर्धवार्षिक परीक्षाएं कमजोर क्षेत्रों की पहचान करने और बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण होती है। आगे कहा कि ये परीक्षाएं पूरे सत्र के पाठ्यक्रम का मूल्यांकन करतीं हैं, और अर्धवार्षिक व वार्षिक परीक्षा का प्रावधान होता है, जिसमें अर्धवार्षिक परीक्षा के अंक 40 प्रतिशत आंतरिक मूल्यांकन में जुड़ते हैं। सतत समग्र मूल्यांकन के तहत शिक्षा गुणवत्ता के लिए क्षेत्र की सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल में पहली से 8 वीं तक की अर्धवार्षिक परीक्षा 2 से 9 जनवरी तक चलेगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा को व्यवस्थित ढंग से लेने सभी प्राथमिक व माध्यमिक स्कूल के प्रधान पाठकों का ड्यूटी एक स्कूल से दूसरे शाला में भेजा गया है।5 जनवरी को माध्यमिक शाला रसेला में कक्षा 6 वीं में हिंदी विषय था, जिसमें कुल दर्ज संख्या 34 उपस्थित 33 थे, वहीं कक्षा 7 वी का संस्कृति विषय था इस कक्षा में कुल संख्या 46 परीक्षा में 37 विद्यार्थी उपस्थित थे और कक्षा 8 वीं का विषय गणित था, कुल दर्ज संख्या 50 जिसमें 44 बच्चों ने परीक्षाएं में भाग लिए कुल संख्या 116 बच्चों ने अर्धवार्षिक परीक्षा में शामिल हुए। इस दौरान परीक्षक योगेश्वर कंवर, वरिष्ठ शिक्षक बालचंद नेताम, हृदय राम साहू, देवनारायण साहू, संजीव कुमार सिन्हा उपस्थित थे।

## विधायक जनक की अनुशंसा पर 77.50 लाख रुपए के 16 कार्यों को मिली मंजूरी

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले अंतर्गत बिन्द्रानवागढ़ के विधायक जनक ध्रुव की अनुशंसा पर गरियाबंद कलेक्टर बीएस उइके ने 6 निर्माण कार्यों के लिए 32 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। जिला योजना एवं सांख्यिकी



कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार विकासखण्ड गरियाबंद अंतर्गत ग्राम पंचायत मजरकटा में कार्तिक राम साहू घर से नहर नाली तक नाला निर्माण के लिए 10 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत नागाबुड़ा में रंगमंच निर्माण के लिए 5 लाख रुपए, ग्राम पंचायत चिखली में वार्ड क्र. 12 में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 5 लाख रुपए, ग्राम पंचायत बिन्द्रनवागढ़ में वार्ड क्र. 05 में सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख रुपए, ग्राम पंचायत डुमरबाहरा के गोडलबाय में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 4 लाख रूपये, ग्राम पचांयत कौन्दकेरा में तालाब सौदर्यीकरण के लिए 3 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### सम्मेलन : प्रदेश साहू संघ के विशाल सम्मेलन में सीएम साय होंगे शामिल

# सामाजिक एकता का शंखनाद 7 को मनेगी राजिम भक्तिन माता जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम भक्तिन माता जयंती के अवसर पर 7 जनवरी को प्रदेश साहू संघ का विशाल सम्मेलन एवं सामाजिक एकता का शंखनाद होने जा रहा है। इसी तारतम्य में सोमवार को राजिम रेस्ट हाऊस में विधायक रोहित साहू, छत्तीसगढ़ साहू संघ के उपाध्यक्ष साधना साहू, गरियाबंद जिला साहू समाज के अध्यक्ष प्रवीण साहू,राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, डॉ सुनील साहू, प्रदीप साहू, चंद्रवती साहू व समाज के अन्य वरिष्ठ लोगों की मौजूदगी में प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू ने प्रेस कांन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि राजिम धाम की अधिष्ठात्री देवी राजिम भक्तिन माता की जयंती पूरे धूमधाम से छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ द्वारा प्रतिवर्ष 7 जनवरी को छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक समरसता के केन्द्र राजिम में मनाई जाती है। हमें इस बात का गर्व है कि भक्त माता परम श्रद्धेय राजिम का असीम स्नेह हमारे वंश साहू समाज को प्राप्त हुआ है। प्रदेश के 496 परिक्षेत्र, 196 तहसीलों एवं 33 जिला मुख्यालयों से इस वर्ष भक्ति और मुक्ति की प्रतीक, माता राजिम की जयंती पर हजारों साहू समाज सहित सभी समाज के लोगों की सार्थक उपस्थिति होगी। श्री साहू ने बताया कि अपने पुरातन इतिहास को समेटे यह नगरी भगवान विष्णु की नगरी है तथा भगवान श्री राजीव लोचन, राजिम भक्तिन माता द्वारा प्राप्त भगवान विष्णु का श्रीविग्रह है। यह ऐतिहासिक सत्य है कि राजिम का नामकरण हमारे वंश की अधिष्ठात्री देवी राजिम माता के नाम पर है तथा अनन्य भक्ति में लीन राजिम माता ने भगवान श्री राजीव लोचन की प्रतिमा के ही चरणों में पूर्ण समाधि ली थी, तब से आज तक भगवान श्री राजीव लोचन में शुद्ध तेल चुपड़ने की परंपरा है। वर्तमान में इस वास्तविकता को सभी वर्ग के लोग जानते है। 12 वीं शताब्दी में तैलिक कल्याणी राजिम माता ने ईश्वर-दर्शन सभी जाति धर्म के लोगों के लिए सुलभ कराने का गौरव प्राप्त किया है, आज भी लोग भगवान श्री राजीव लोचन के दर्शन के पश्चात परिक्रमा करते हुए राजिम माता के सती-स्तंभ का दर्शन कर उनके अनन्य त्याग के प्रति



### राष्ट्रीयता की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए उत्साहित

अध्यक्ष डॉ. नीरेन्द्र साहू ने संकल्प व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश साहू संघ, छत्तीसगढ़ अंचल के सामाजिक विभूतियों की जयंती आयोजित कर, अपने सामाजिक लोगों का शैक्षणिक, ज्ञान विज्ञान तथा आध्यात्मिक स्तर को ऊंचा उठाते हुए, चरित्रवान, निष्ठावान व देशभक्त नागरिकों का निर्माण, उनके आर्थिक, सामाजिक, धार्मिक व नैतिक हितो की रक्षा करना, सामाजिक रूढ़ीवादी कुरीतियों को दूर कर खर्चीली न्याय व्यवस्था से बचाते हुए सामाजिक स्तर पर विवादों का समाधान तथा समाज को एकता के सूत्र में आबद्ध करते हुए छत्तीसगढ़ के अन्य सामाजिक संगठनों से मिलकर प्रदेश के विकास एवं राष्ट्रीयता की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए उत्साहित है। डॉ. श्री साहू ने 7 जनवरी को प्रदेश के समस्त स्वजातीय भाईयों एवं बहनों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में राजिम जयंती में उपस्थित होकर निःस्वार्थ सामाजिक सेवा का संकल्प लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ की सामाजिक एकता का अभिनव उदाहरण प्रस्तुत करेंगे।

### हजारों लोगों के लिए भण्डारे की रहेगी व्यवस्था

छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. नीरेन्द्र साहू ने आगे कहा कि इस सामाजिक सम्मेलन में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हमारे मुख्य अतिथि होंगे, तथा पूर्व अध्यक्ष छग प्रदेश साहू संघ एवं छग शासन के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। प्रमुख अतिथि के रूप में तोखन साहू केन्द्रीय राज्य मंत्री ,चरणदास महंत नेता प्रतिपक्ष छग विधानसभा एवं हमारे समाज के अग्रदूत एवं जनसेवा के प्रतीक, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव मंचस्थ होंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मोतीलाल साहू विधायक एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ एवं धनेन्द्र साहू पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन होंगे।

## वार्ड क्रमांक 3 में पार्षद मद से होगा सामुदायिक भवन का जीर्णोद्धार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

नगर पंचायत राजिम के सरदार वल्लभभाई पटेल पारा वार्ड क्रमांक 3 में पार्षद जानकी पटेल के पार्षद निधि से मोहल्ले के सामुदायिक भवन का जीर्णोद्धार के लिए विधिवत पूजा नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव, पार्षद जानकी पटेल, सभापति भारत यादव, आकाश राजपूत, पार्षद बलराम यादव, सुरेश पटेल, राजिम भक्तिन समिति के अध्यक्ष लाला साहू, पार्षद प्रतिनिधि उत्तम निषाद द्वारा किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष



महेश यादव ने कहा कि नगर का विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता है। नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किया जा रहा है। शहर में रोड नाली बनाया जा रहा है। पार्षद जानकी पटेल ने कहा कि हमारे वार्ड में जो सामुदायिक भवन है वह जर्जर अवस्था में उपयोग विहीन है। वार्डवासियों के उपयोग के लिए जीर्णोद्धार किया जा रहा है। जिससे वार्डवासियों को इसका लाभ मिलेगा। पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल ने उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## अवैध परिवहन मामले में 8 वाहन जब्त, अब तक 3100 क्विंटल से अधिक धान पकड़ाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



गरियाबंद जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में ओडिशा से आने वाले अवैध धान पर जिला पुलिस प्रशासन ने पूरी तरह नकेल कस दी है। 4 जनवरी को देवभोग, अमलीपदर और पीपरछेड़ी थाना क्षेत्रों में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 8 वाहनों में भरा 226 क्विंटल अवैध धान जब्त किया है। पिछले 27 दिनों के विशेष अभियान में पुलिस ने अब तक 66 प्रकरणों में करोड़ों रुपये का अवैध धान पकड़ा है। मुखबिर की सटीक सूचना पर देवभोग पुलिस और संबंधित थानों ने घेराबंदी कर अवैध परिवहन को नाकाम किया। देवभोग थाना पुलिस ने 4 पिकअप (ओडी 08 एस 9498, सीजी 19 बीजे 8085, सीजी 14 एमपी 3954, सीजी 07 बीजे 6803) और 2 बिना नंबर के ट्रैक्टरों को पकड़ा। इनमें कुल 140 कट्टा धान लदा था। अमलीपदर थाना में एक ट्रैक्टर (सीजी 04 वीएम 1656) से 80 कट्टा अवैध धान बरामद किया गया। पीपरछेड़ी थाना में ग्राम तेंदुवाय के रास्ते आ रहे एक इंट्रा पिकअप (सीजी 05 एयू 0140) को रोका गया, जिसमें 95 कट्टा धान अवैध रूप से भरा था। कुल मिलाकर एक ही दिन में 555 कट्टा (226 क्विंटल) धान जब्त कर संबंधित विभाग को सुपुर्द कर दिया गया है।

**27 दिनों का रिपोर्ट कार्ड, खपाने की कोशिशें नाकाम-** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान में देवभोग और अमलीपदर पुलिस ने पिछले एक माह में धान तस्करों की कमर तोड़ दी है। कुल प्रकरण 66 मामले दर्ज। कुल जब्ती 7448 कट्टा अवैध धान।

कुल वजन 3186.25 क्विंटल। तस्कर ओडिशा से सस्ता धान लाकर छत्तीसगढ़ के पंजीयन केंद्रों में खपाने की फिराक में थे। पुलिस द्वारा वैध दस्तावेज मांगने पर चालक कोई भी कागजात पेश नहीं कर सके, जिसके बाद गाड़ियों को राजसात करने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

**चेक पोस्ट पर सतत निगरानी-** मैनपुर-देवभोग विकासखंड के ओडिशा सीमा पर स्थित चेक पोस्टों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। थाना प्रभारियों का कहना है कि शासन द्वारा केवल पंजीकृत किसानों का ही धान खरीदा जाना है, ऐसे में बिचौलियों और तस्करों के खिलाफ यह अभियान धान खरीदी के अंतिम दिन तक जारी रहेगा।

## सोमवारी बाजार से बस स्टैंड तक दहशत, नागरिकों का फूटा गुस्सा
# हाईवा बनीं शहरवासियों के लिए चलती मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



नगर की सड़कों पर दिन-रात बेलगाम तेज रफ्तार में दौड़ रही रेत भरी हाईवा को लेकर शहरवासियों का गुस्सा अब भड़क उठा है। एक तरह से ये हाइवा जानलेवा खतरा बन चुकी हैं। मगरलोड के रास्ते बेलाहीघाट पुल से शहर में प्रवेश करने वाली रेत भरी वाहन सोमवारी बाजार जैसे भीड़भाड़ वाले क्षेत्र से लेकर मुख्य मार्ग और बस स्टैंड तक इन भारी वाहनों की आवाजाही ने पूरे शहर को दहशत के साये में जीने को मजबूर कर दिया है। इनका कहना है कि हर गुजरती हाईवा के साथ किसी बड़े हादसे का खतरा मंडराता रहता है। इस गंभीर और विस्फोटक स्थिति को लेकर सोमवार को नगर पालिका परिषद नवापारा की सभापति निर्मला-धीरज साहू एवं वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद नम्मू नारायण ध्रुव के नेतृत्व में आक्रोशित नागरिकों ने हस्ताक्षरयुक्त सामूहिक ज्ञापन तहसीलदार,सीएमओ एवं थानेदार को सौंपा। ज्ञापन में साफ शब्दों में चेतावनी दी गई है कि यदि रेत भरी हाईवा को शहर के भीतर चलने से तुरंत नहीं रोका गया, तो किसी भी दिन बड़ी जनहानि हो सकती है, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि सोमवारी बाजार, बस स्टैंड और आसपास की सड़कों पर पैदल यात्री, स्कूली बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग सबसे ज्यादा खतरे में हैं। शहर के सड़कों पर तेज रफ्तार और ओवरलोड हाईवा वाहन कानून की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं, लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई न होना कई सवाल खड़े करता है।

**सख्त कार्रवाई की मांग-** सभापति निर्मला-धीरज साहू एवं नागरिकों ने दो टूक शब्दों में कहा कि शहर के भीतर भारी वाहनों की मनमानी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह केवल यातायात का मुद्दा नहीं, बल्कि सीधे-सीधे नागरिकों की जान का सवाल है। उन्होंने रेत भरी हाईवा के लिए शहर से बाहर वैकल्पिक मार्ग निर्धारित करने, दिन-रात प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने और दोषी वाहन मालिकों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। वार्ड पार्षद नम्मू नारायण ध्रुव ने कहा कि अब जनता का सब्र जवाब दे रहा है। मोहल्लों के नागरिकों ने एकजुट होकर आवेदन पर हस्ताक्षर किए हैं, जो प्रशासन के लिए स्पष्ट चेतावनी है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो जनआंदोलन का रास्ता अपनाया जा सकता है। बता दें कि पिछले दो दिनो से रेत भरी हाइवा को लेकर सोशल मीडिया में सुर्खियां बनी हुई है। शहर के नागरिक तेज रफ्तार हाइवा को लेकर अपने टिप्पणी में किसी अनहोनी दुर्घटना का जिक्र कर रहे है। लोग रफ्तार को देखते हुए भयभीत है।

# बायोमेट्रिक मशीन से उपस्थिति ले शिक्षा विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव, संचालक को पत्र लिखकर विद्यालयों में मोबाइल-नेट सुविधा व बायोमेट्रिक पंच मशीन उपलब्ध कराए जाने का मांग करते हुए कहा है कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विद्या समीक्षा केंद्र के माध्यम से शिक्षकों की उपस्थिति मोबाइल एप से दर्ज कराने का निर्णय व्यवहारिक नहीं है और यह शिक्षकों की निजता एवं वित्तीय सुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय है,निजी मोबाइल के माध्यम से उपस्थिति लेना अत्यंत आपत्ति जनक है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, प्रदेश संयुक्त मंत्री पूरन लाल साहू, प्रदेश सहसचिव विनोद सिन्हा, प्रदेश संयुक्त सचिव यशवंत बघेल आईटी सेल गिरीश शर्मा, टिकेंद्र यदु, जिला पदाधिकारी भुवन यदु, लता ध्रुव,



घनश्याम दिवाकर, नंदकुमार रामटेके, दिनेश्वर साहू, सुरेश केला, आरएस कंवर, जमशीर कुरैशी, सलीम मेमन, कमलेश बघेल संजय यादव ब्लॉक पदाधिकारी हुलस साहू, जितेंद्र सोनवानी, संतोष साहू, धवलेश्वर बेहरा, गोविंद पटेल, किरण साहू, डगेश्वर ध्रुव, छगन दीवान, प्रहलाद मेश्राम पाराम बघेल ने कहा कि शिक्षकों के मोबाइल निजी हैं, निजी मोबाइल से शासकीय उपस्थिति दर्ज कराना निजता के अधिकार का उल्लंघन है, यदि शासन को बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू करना है, तो प्रत्येक विद्यालय में बायोमेट्रिक (पंच) मशीन एवं स्थायी इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मोबाइल एप से उपस्थिति लेने का आशय यह प्रतीत होता है कि शासन को अपनी निरीक्षण व्यवस्था पर भरोसा नहीं है। वहीं दूसरी ओर, शासकीय कार्यों के लिए शिक्षकों को निजी मोबाइल का उपयोग करने के लिए विवश किया जा रहा है, जिससे उनके व्यक्तिगत डाटा की सुरक्षा गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है। प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा व प्रदेश संयुक्त मंत्री पूरन लाल साहू ने बताया कि कई जिले में अनेक शिक्षक साइबर ठगी के शिकार हो चुके हैं।फर्जी डी पी आई अधिकारी, पुलिस अधिकारी या बैंक अधिकारी बनकर कॉल कर शिक्षकों को ठगने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। ऐसे में निजी मोबाइल पर शासकीय एप का दबाव शिक्षकों को और अधिक वित्तीय जोखिम में डालता है। प्रत्येक विद्यालय में बायोमेट्रिक मशीन एवं इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराई जाए। शासकीय कार्य के लिए प्रत्येक स्कूल को एक लैपटॉप प्रदान किया जाए।छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने स्पष्ट किया कि शिक्षक किसी भी सुधारात्मक व्यवस्था के विरोधी नहीं हैं, लेकिन बिना वित्तीय सुरक्षा और बिना विश्वास के थोपी गई व्यवस्था स्वीकार्य नहीं है।



## खबर संक्षेप

### 2026 की शुरुआत आराध्य देवियों के पूजन से हुईः अंकित



**महासमुंद।** कांग्रेसी नेता अंकित बागबाहरा ने 2026 की शुरुआत मां खल्लारी मंदिर, मां चंडी मंदिर, बागबाहरा स्थित दुर्गा मंदिर, हनुमान मंदिर आदि देवालयों में पूजा अर्चना से की। अंकित ने कहा कि उन्होंने क्षेत्रवासियों की खुशहाली और उत्तम स्वास्थ्य की कामना के साथ प्रमुख पूज्य स्थलों का दर्शन पूजन कर की है।

### आज बागबाहरा आएंगे जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष व उपाध्यक्ष

**नर्रा।** जिला सहकारी बैंक रायपुर के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा एवं उपाध्यक्ष अभिनेश कश्यप का आगमन 6 जनवरी को बागबाहरा में होने जा रहा है। जहां कुछ देर रेस्ट हाऊस में विश्राम करेंगे। उनके आगमन पर स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। इसके बाद जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा कोमाखान में बैंकिंग कार्य व्यवहार की जानकारी लेने के पश्चात ओडिशा सीमा से सटे प्राथमिक कृषि साख सहकारी परसुली धान संग्रहण केंद्र में धान खरीदी की जायजा लेंगे। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जनपद सदस्य एवं प्राधिकृत अध्यक्ष परसुली लोचन पटेल ने क्षेत्र के कृषकों ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### शाकंभरी देवी की पूजा में शामिल होंगे लोचन

**नर्रा।** नागपुर में आगामी 11 जनवरी को आयोजित मां भगवती शाकंभरी देवी की पूजा एवं यज्ञीय विधि विधान से पूजा अर्चना एवं कथा प्रवचन के लिए लोचन पटेल संस्थापक एवं संयोजक को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। उल्लेखनीय यह है कि छत्तीसगढ़ मरार समाज के निवासरत विभिन्न क्षेत्रों में मां भगवती शाकंभरी देवी की पूजा अर्चना कर मरार समाज को संगठित करने वाले लोचन पटेल ने विगत 30 वर्षो से विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न ग्रामों एवं शहरों में मां भगवती शाकंभरी देवी की पूजा अर्चना कर समाज को एकता के सूत्र में बांधने का काम किया है।

### लभराखुर्द स्कूल में न्योता भोज का आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला लभराखुर्द में न्योता भोज का आयोजन किया गया। जनपद महासमुंद के सीईओ बीएस मंडावी ने अपने पुत्र प्रियांशु मंडावी के जन्मदिन के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला लभराखुर्द में न्योता भोज किया।

## आयोजन : ग्राम श्यामनगर के गौरवशाली इतिहास पुस्तक का विमोचन, हिंदू सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब

# इतिहास को पुस्तक के रूप में संजोना आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

ग्राम श्यामनगर में हिन्दू सम्मेलन, हनुमान चालीसा वर्षगांठ तथा श्यामनगर की गौरवशाली इतिहास पुस्तक के विमोचन का भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन श्रद्धा, आस्था और सांस्कृतिक उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में ग्राम सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं धार्मिक अनुष्ठान से की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में इंद्राणी-नेहरू साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत फिंगेश्वर उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता मुन्नालाल देवदास ने की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता चंद्रशेखर नागेश, जिला कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गरियाबंद रहे। विशेष अतिथि के रूप में विनीता शर्मा, जिला संयोजिका मातृशक्ति विश्व हिन्दू परिषद गरियाबंद एवं प्रेमलाल साहू, जिला संघ चालक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में करपुरेश्वर मानस मंडली, कोपरा द्वारा सुमधुर रामकथा एवं भजन प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति भाव से सराबोर कर दिया। वहीं दुर्गा वाहिनी की बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया और आयोजन का विशेष आकर्षण रहा। मुख्य वक्ता चंद्रशेखर नागेश ने अपने उदबोधन में सनातन संस्कृति, हिन्दू समाज की एकता, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्र निर्माण में सांस्कृतिक मूल्यों की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपने इतिहास, संस्कार और सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। इसके पश्चात मुख्य अतिथि इंद्राणी-नेहरू साहू ने कहा कि श्यामनगर जैसे ग्रामों में आयोजित धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। उन्होंने ग्राम के गौरवशाली इतिहास को पुस्तक के रूप में संरक्षित करने के प्रयास की सराहना की। विनीता शर्मा ने पंच परिवर्तन विषय पर अपने उदबोधन में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, पारिवारिक मूल्यों एवं नागरिक कर्तव्यों को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुन्नालाल देवदास ने ग्राम श्यामनगर के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस इतिहास को पुस्तक के रूप में संजोना आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा।





### ये रहे शामिल

इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, कोमल साहू, श्यामसुंदर साहू, लक्ष्मी नारायण सेन, ओमकार साहू, ओमप्रकाश यादव, जय प्रकाश साहू, माणिक साहू, जितेंद्र साहू, चितरंजन साहू, टोकेश साहू, भोपेन्द्र साहू, दशरथ वर्मा, धर्मेंद्र साहू, विपिन साहू, हरिशंकर निषाद, चुम्मन साहू, ज्ञानचंद साहू, समर, समीर साहू सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ की परंपरा निरंतर चल रही

कार्यक्रम के दौरान ग्राम श्यामनगर की गौरवशाली इतिहास पुस्तक का विधिवत विमोचन किया गया। इस पुस्तक में ग्राम श्यामनगर के नामकरण, भूमि व्यवस्था, स्वतंत्रता संग्राम में योगदान, बिजली, पानी, स्कूल स्थापना, सामाजिक-सांस्कृतिक परंपराओं एवं विकास यात्रा को क्रमबद्ध रूप से संकलित किया गया है। इसमें ग्राम के प्राचीन इतिहास, जनप्रतिनिधित्व, कृषि एवं व्यावसायिक परंपराएं, धार्मिक आस्थाएं तथा विभिन्न कालखंडों की महत्वपूर्ण घटनाओं का उल्लेख है। साथ ही पुस्तक में ग्राम के विकास कार्यों एवं आयोजनों से जुड़े दुर्लभ छायाचित्र भी शामिल किए गए हैं, जिससे यह आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रामाणिक ऐतिहासिक दस्तावेज बनेगी। पुस्तक के संपादक डॉ. मुन्नालाल देवदास एवं सह-संपादक पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू हैं। उल्लेखनीय है कि ग्राम श्यामनगर में विगत दो वर्षों से प्रत्येक मंगलवार को सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ की परंपरा निरंतर चल रही है, जो ग्राम के विभिन्न मंदिरों में क्रमवार आयोजित होती है। इस आयोजन के माध्यम से ग्रामवासी प्रति सप्ताह एकत्रित होकर सामूहिक आरती करते हैं। विशेष बात यह है कि प्रसादी वितरण का दायित्व उन परिवारों द्वारा लिया जाता है, जिनके यहां कोई शुभ कार्य-जैसे जन्मोत्सव या विवाह संस्कार-संपन्न हुआ होता है। प्रसादी देने को लेकर ग्रामवासियों में इतना उत्साह रहता है कि पांच-छह सप्ताह पूर्व ही बारी दर्ज हो जाती है। इस अवसर पर ग्राम के उन प्रबुद्धजनों का सम्मान किया गया, जिन्होंने श्यामनगर के इतिहास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कर पुस्तक लेखन में सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के समापन पर भारत माता की सामूहिक आरती सम्पन्न हुई, जिसके पश्चात उपस्थित जनसमूह को प्रसादी वितरण किया गया।

## छुईहा में लोक संस्कृति का आकर्षण, मड़ई ने पेश की सामाजिक एकता की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर



ग्रामीण अंचलों में धान की कटाई के बाद उत्सव का माहौल शुरू हो गया है। क्षेत्र के ग्राम छुईहा सहित आसपास के गांवों में पारंपरिक मड़ई मेला का आयोजन पूरे उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन ने किसानों, व्यापारियों और स्थानीय निवासियों को एक मंच पर लाकर सामाजिक समरसता और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा प्रदान की। रविवार को आयोजित लोक मड़ाई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाड़कि शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मड़ाई मेला केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह धान की फसल के प्रति सम्मान प्रकट करने और कृषि उत्पादों के आदान-प्रदान का एक बड़ा केंद्र है। यह किसानों की मेहनत के जश्न का प्रतीक है।

**सांस्कृतिक नाचा ने बांधा समां-** मेले का मुख्य आकर्षण पारंपरिक नाचा कार्यक्रम रहा। लोकगीतों, पारंपरिक नृत्यों और हास्य प्रस्तुतियों के माध्यम से कलाकारों ने ग्रामीण जीवन की जीवंत झलक पेश की। इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने न केवल बुजुर्गों को अपनी जड़ों की याद दिलाई, बल्कि नई पीढ़ी को भी अपनी गौरवशाली विरासत से परिचित कराया। देर शाम तक ग्रामीण इन रंगारंग कार्यक्रमों का आनंद लेते रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला साहू संघ अध्यक्ष और जिला सचिव संघ अध्यक्ष प्रवीण साहू ने भविष्य की चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मड़ाई जैसे आयोजनों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए व्यवस्थित और संगठित प्रयासों की जरूरत है। मूलभूत सुविधाओं (पेयजल, स्वच्छता, बिजली) का विस्तार आवश्यक है। इसे ग्रामीण विकास के एक 'सस्टेनेबल मॉडल' के रूप में विकसित करना चाहिए। आयोजन को सफल बनाने में श्रीराम युवा मंच के अध्यक्ष भारत ध्रुव, होरी लाल यादव, सचिव नारद सिन्हा, डोमन ध्रुव, ग्राम अध्यक्ष दयाराम और सचिव परदेशी सिन्हा का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के दौरान सरपंच विद्या सिन्हा, उपसरपंच गजेश्वर सिन्हा, शेखर साहू, रोशन साहू, खेमराज सिन्हा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और क्षेत्र के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### माता शाकंभरी जयंती पटेल समाज ने मनाई

**अभनपुर।** छेर-छेरा पुन्नी के पावन अवसर पर ग्राम खंडवा में मरार पटेल समाज के तत्वावधान में मां शाकंभरी जयंती मनाई गई। इस अवसर पर समाज द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें पूरे गांव का भ्रमण किया गया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष एवं युवा शामिल हुए, जिससे पूरा गांव भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। आयोजन के दौरान मां शाकंभरी के जयघोष, भक्ति गीतों एवं पारंपरिक वेशभूषा ने कार्यक्रम को विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि सुशीला जगदीश भारती, पटेल समाज के पंच हेमलाल, पाते, श्यामलाल, भुनेश्वर, उमेश, हरिलाल, तोरण, टीकू, प्यारी, शंकर, टीकम, रामकुमार, महेंद्र, बलराम, दिलीप, घुलेसरी, कावेरी, पुनिमा, हेमबाई, गिरजा, चुम्मन, रोमा, किरण, ऋतु, तुलेश, सुमित्रा सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ का प्रांतीय शिक्षक सम्मेलन एवं संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम



रायगढ़ में आयोजित छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांतीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज और राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में शिक्षक अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं वे समाज के दर्पण है बहुत कुछ कर सकते हैं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हो ऐसा शिक्षक ही कर सकता है। शिक्षक ही विद्यार्थियों में ऐसा जज्बा पैदा कर सकता है जिससे विद्यार्थी जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकता है। शिक्षक संघ ने मंत्री महोदय को मांगपत्र सौंपा जिसमें प्रमुख रूप से सहायक शिक्षकों को तृतीय क्रमोन्नति, शिक्षा आयोग का पुनः गठन, शिक्षकों की उपस्थिति बायोमेट्रिक पद्धति से लिया जाए ना कि वीएसके ऐप से, विभागों में प्रभारवाद को समाप्त किया जाए, रमसा हाई स्कूलों में संस्कृत व्याख्याता लिपिक चपरासी सफाई कर्मचारी के पदों को भी स्वीकृत किया जाए एल बी संवर्ग सेवा की गणना प्रथम नियुक्ति से किया जाए उन्होंने रायगढ़ में शिक्षा सदन के लिए 20 लाख रुपए देने की घोषणा की पूरे 33 जिलों से हजारों की संख्या में शिक्षक संघ के शिक्षक साथियों ने उत्साह पूर्व भाग लिया नगर निगम का ऑडिटोरियम शिक्षकों से खचाखच भरा हुआ था। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदेश संगठन मंत्री ओंकार ठाकुर, प्रांतीय अध्यक्ष संजय ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी, महामंत्री मनोज राय, गया राम राजवाडे, अनिता सिंह प्रांतीय, अशोक गुप्ता, सतीश तिवारी, टेक रामसेन, भुवनेश्वर देवांगन, शैलेंद्र भदोरिया, गिरधारी यादव, टीकम साहू, संभागीय अध्यक्ष रायपुर के रामनारायण मिश्रा, प्रकाश तिवारी, आत्माराम साहू, नारायण सिंह, रूपलाल साहू, नोहर धीवर, पुरुषोत्तम निषाद, धर्मेंद्र ठाकुर, तीजू राम, मोहनलाल सिंह, अशोक गुप्ता, शिवशेखर सिंह, केडी राय, मनीष देवांगन, निर्मल शार्दूल, हरि नारायण, गेंदलाल, महेश्वर साहू, मानसिंह रतिया, रविंद्र द्विवेदी, आशीष निरंकारी, प्रितपाल पटेल, ठाकुर अत्रीप्रताप, राजेंद्र श्रीवास्तव, एसीपी सोनी, विपिन पाठक, देवदास कश्यप, मोहन राय, शैलेंद्र भदोरिया उपस्थित थे।

## राजिम माता गीत का विधायक रोहित साहू ने किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

श्री राजीव लोचन मंदिर परिसर में भक्ति, श्रद्धा और उल्लास से परिपूर्ण वातावरण के बीच राजिम माता पर आधारित भावपूर्ण गीत का विधिवत विमोचन विधायक रोहित साहू ने किया। इस पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध लोक एवं भजन गायक गुरु शरण साहू द्वारा प्रस्तुत राजिम माता गीत ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव, राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, सरपंच संघ के अध्यक्ष हरीश साहू सहित अनेको लोग मौजूद थे। क्षेत्र में अनूप जलोटा के नाम से पहचाने जाने वाले प्रसिद्ध भजन गायक गुरुशरण साहू ने अपने मधुर, भावपूर्ण एवं भक्तिरस से ओतप्रोत स्वर में राजिम माता की महिमा का सजीव वर्णन करते हुए गीत की प्रस्तुति दी है। उनके गायन ने जन-जन के हृदय में आस्था, भक्ति एवं आध्यात्मिक चेतना का संचार करता है। कार्यक्रम के दौरान विधायक रोहित साहू ने गुरु शरण साहू को इस अनुपम भक्ति रचना के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी और आशा व्यक्त की कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार भक्ति भाव से परिपूर्ण गीतों की रचना कर समाज को संस्कारित करते रहेंगे तथा अपने मधुर संगीत से छत्तीसगढ़ और राजिम क्षेत्र का नाम निरंतर गौरवान्वित करेंगे। राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने कहा कि माता सरस्वती सदा आपके कंठ में विराजमान रहें और आपकी भजन संध्या व गीतमालाओं के माध्यम से जनमानस में श्रद्धा, भक्ति और सांस्कृतिक मूल्यों का प्रसार होता रहे। राजिम माता गीत के शुभारंभ पर क्षेत्रवासियों की ओर नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने से गुरु शरण साहू एवं उनके पूरे संगीत टीम को बधाई दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पार्षद आकाश सिंह राजपूत, भारत यादव, बलराम यादव, रमेश पटेल, उत्तम निषाद, राजीव लोचन ट्रस्ट कमेटी के सर्वराकार चंद्रभान सिंह ठाकुर, रमेश सिंह ठाकुर, गजाधर सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे।



## वार्ड 15 व 16 में असामाजिक तत्वों का आतंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

■ थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

सोमवार को नगर पालिका परिषद नवापारा की सभापति निर्मला-धीरज साहू एवं वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद नम्मू नारायण ध्रुव के नेतृत्व में मुहल्लेवासियों ने थाना प्रभारी नवापारा को एक सामूहिक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में वार्ड क्रमांक 15 एवं 16 में सक्रिय असामाजिक तत्वों के विरुद्ध तत्काल एवं कड़ी कार्रवाई की पुरजोर मांग की गई है। ज्ञापन की विशेष बात यह रही कि इसमें न केवल नगर पालिका सभापति और पार्षद के हस्ताक्षर है बल्कि दोनों मोहल्लों के दर्जनों गणमान्य नागरिकों ने भी हस्ताक्षर कर प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग किया है। इससे स्पष्ट है कि समस्या व्यक्तिगत नहीं, बल्कि संपूर्ण क्षेत्र की गंभीर सामाजिक चिंता बन चुकी है। ज्ञापन में बताया गया है कि वार्ड 15 एवं 16 में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा लगातार अवैध गतिविधियां, आपसी विवाद, गाली-गलौज एवं भय का वातावरण निर्मित किया जा रहा है। इससे महिलाओं, बुजुर्गों एवं बच्चों को असुरक्षा की भावना का सामना करना पड़ रहा है तथा आमजन का सामान्य जीवन प्रभावित हो रहा है। कहा गया है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो असामाजिक तत्वों के हौसले और बढ़ेंगे। उन्होंने प्रशासन से नियमित पुलिस गश्त, संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की।

## ग्राम खरता में ग्राम सभा का हुआ आयोजन

# खरता ने पेश की मिसाल अब खुद करेंगे जंगलों की सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



आदिवासी बाहुल्य ग्राम खरता में सामुदायिक वन संसाधन के तहत ग्राम सभा आयोजन किया गया था जिसमें फायर लाइन, फायर वाचर के कार्य को लेकर गहन विचार विमर्श किया गया तथा ग्राम सभा द्वारा सर्वसहमति से निर्णय कर प्रस्ताव पारित किया गया की वन विभाग द्वारा आयोजित कार्य फायर लाइन, फायर वाचर जिसमें गांव का सीमा सफाई होता है जिसका संचालन ग्राम सभा स्वंम करेगी जिस काम के लिए वन विभाग को फण्ड प्राप्त होता है जिससे ग्राम सभा को कोई लाभ नहीं मिल पाता जिस कारण वह फण्ड ग्राम सभा को दिया जाए साथ ही साथ जंगल का रख रखाव, आग से बचाव, अवैध कटाई, अवैध शिकार एसे तमाम गतिविधिया जिससे ग्राम सभा खरता के जंगल और प्राकृतिक संसाधन को नुकसान पहुंचे उस पर रोक लगाने का सर्व सहमति से निर्णय लिया गया और प्रस्ताव पारित किया गया। ग्राम सभा खरता सशक्त एवं जागरूकता का अच्छा पहल करते हुए अपने जिलेवासियों के लिए एक अच्छा उदाहरण पेश करती है उपस्थित गांव के मुखिया साथी दसरथ, चैतराम, कैलाश, आशाराम, अमृत तथा ग्राम सभा के प्रत्येक घर से महिला एवं पुरुष की उपस्थिति रही संस्था के उपस्थित कार्यकर्ता रेवती यादव, जानकी जगत सहयोगी संस्था प्रयोग समाज सेवी संस्था एकता परिषद। फुल कुंवर बाईं ग्राम सभा अध्यक्ष भगवान सिंग ठाकुर, प्रमुख सियान जुगलाल नेताम, प्रमुख सियान अमरसिंग, कोषाध्यक्ष ऋषिकेश, गांव के सचिव भिखम नेताम, गांव के पटेल झांकर बारतु राम कुमारी बाई, उमेशवरी, गायत्री, रेणुका, शाशी नेताम, सरपंच अमृत सिंग, मरकाम सदस्य गांव में निर्माण किया गया है। इस ग्राम सभा को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका रहेती है।




